www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 आखिर कौन कर रहा है सांप्रदायिक तनाव...
3 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के...
4 खेल और पुलिस बलों का गहरा संबंध, अच्छे...

वर्षः 9 | अंकः 332 | दिल्ली, गुरुवार, 25 सितम्बर 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### देश को स्थाई विकास की ओर ले जा रहे हैं मोदी : प्रो.संजय द्विवेदी

**भोपाल (एजेन्सी)।** साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, सांची में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर केंद्रित दो किताबों मोदी युग-संसदीय लोकतंत्र का नया अध्याय और अमृतकाल में भारत पर पुस्तक के लेखक प्रो. संजय द्विवेदी से विशेष परिचर्चा हुई। सेवा पर्व - 2025 के अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. नवीन कुमार मेहता ने लेखक से संवाद किया। भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक रहे प्रो. संजय द्विवेदी ने सवालों के जवाब में बताया कि उन्होंने 2014 के पहले ही एक लेख में कह दिया था कि देश के अगले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी होंगे। उन्होंने कहा कि अन्ना हजारे के आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, लोगों के अंदर उम्मीदों को जगाने वाले नेता बन गए, जिन्होंने सोशल इंजीनियरिंग को देश में धरातल पर उतारा है। श्री नरेंद्र मोदी ने भारत की छवि का निर्माण किया है और वो भारत के लोगों को स्थायी विकास की ओर लेकर गए हैं। प्रो. द्विवेदी से जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विषय में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि संघ को समझने के लिए दिमाग से ज्यादा दिल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संघ का कोई विचार नहीं है, भारतीयता और हिंदुत्व का विचार ही संघ का विचार है। संघ विशुद्ध रूप से आचरण पर चलता है।

### दिल्ली के वेलकम इलाके में महिला ने घर में खुदकुशी की

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में एक 34 वर्षीय महिला ने बुधवार सुबह अपने घर में फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि घटना चंद्रशेखर गली में हुई और उन्हें इसकी सूचना सुबह 9.27 बजे मिली। पुलिस के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि शाहदरा उपजिलाधिकारी (एसडीएम) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 196 के तहत जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। उन्होंने बताया कि महिला की शादी 2023 में हुई थी और उसकी एक बेटी है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने पीरागढ़ी बस डिपो में छह मॉडर्न स्विचिंग सब-स्टेशन का किया उद्घाटन

## दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों के इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक मजबूती मिली

**संजना भारती/संजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के पीरागढ़ी इलाके में छह मॉडर्न स्विचिंग सब-स्टेशन का उद्घाटन किया। यह सब स्टेशन राजधानी दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक मजबूत बनाएंगे। दिल्ली में चल रहे 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ ऊर्जा मंत्री आशीष सूद, सांसद रामवीर सिंह बिधुरी, सांसद योगेंद्र चंदोलिया, शकूर बस्ती के विधायक श्री करनेल सिंह, विधायक श्री मनोज कुमार शौकीन (नांगलोई जाट), श्री राजकरण खत्री (नरेला) समेत उर्जा और परिवहन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।




ये अत्याधुनिक स्विचिंग सब-स्टेशन इरएर राजधानी पावर लिमिटेड और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से बनाएं गए हैं। BRPL के पांच सब-स्टेशन पीरागढ़ी, नांगलोई, अम्बेडकर नगर, श्रीनिवासपुरी और ओखला सेंट्रल वर्कशॉप में स्थित हैं, जो 970 इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग की सुविधा प्रदान करेंगे, जबकि TPDDL का नरेला सब-स्टेशन 200 बसों के लिए चार्जिंग की सुविधा प्रदान करेगा। कुल मिलाकर ये दोनों सब-स्टेशन लगभग 1170 इलेक्ट्रिक बसों के लिए विश्वसनीय, स्वच्छ और सतत परिवहन की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर दिल्ली सरकार की काम-काज की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए पिछली सरकारों से तुलना की और हुए कहा कि पहले की सरकारें केवल योजनाएं बनाने और प्रचार-प्रसार करने तक ही सीमित थीं। दिल्ली में पिछली सरकारें केवल काम करने का शोर मचाती थी और हर चीज का बस प्रचार करती थीं, जबकि हमारी सरकार परिणाम देने पर केंद्रित हैं। आज एक ही दिन में एक साथ छह उद्घाटन इसका सटीक प्रमाण हैं कि हम केवल बातों में नहीं, बल्कि काम करने में भरोसा करते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह उद्घाटन कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिल्ली में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चल रहे 'सेवा पखवाड़ा' का ही हिस्सा है। सेवा पखवाड़े के दौरान हमारी सरकार दिल्ली की जनता को 75 सेवाएं और 75 परियोजनाएं समर्पित करने जा रही है। आज का यह कार्यक्रम हमारी सरकार द्वारा दी गई 42वीं सौगात है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने भाषण में पहले दिन के काम का उल्लेख करते हुए बताया कि पूठ खुर्द में 760 करोड़ रुपए की सड़कों और सामुदायिक केंद्रों का उद्घाटन, हिरण कूदना गांव में आधुनिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण और बावाना में महिलाओं को पोषण किट वितरण शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने राजधानी में परिवहन क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्यो का जिक्र करते हुए कहा कि 18 वर्षों के बाद दिल्ली से यूपी के बड़ौत तक एसी इंटर-स्टेट बस सेवा की फिर से शुरूआत और 125 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात हमारी सरकार का जनता के प्रति समर्पण और काम करने की प्रतिबद्धता का नतीजा है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने हिरण कूदना गांव में अत्याधुनिक खेल परिसर का किया उद्घाटन

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बाहरी दिल्ली स्थित हिरण कूदना गांव के सीएम श्री स्कूल में विकसित नए खेल परिसर का उद्घाटन किया। करीब 3.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस अत्याधुनिक खेल परिसर में उभरते खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए तैयार किया गया है। इसमें 200 मीटर, पांच लेन का सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक भी है, जिसमें 100 मीटर सीधी दौड़ के लिए एक विशेष सेक्शन शामिल है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह परिसर छात्रों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने और तैयारी करने का अवसर भी प्रदान करेगा।



इस कार्यक्रम में उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद श्री योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद, विधायक श्री गजेंद्र दराल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह खेल परिसर दिल्ली सरकार के उस संकल्प को प्रतिबिंबित करता है जिसमें सार्वजनिक शिक्षा में उच्चस्तरीय खेल की संरचना उपलब्ध कराना शामिल है। यह पश्चिम दिल्ली में अपनी तरह की पहली सुविधा है। इसका उद्देश्य युवाओं में खेल कौशल का विकास करना, स्वास्थ्य व फिटनेस को बढ़ावा देना, और अनुशासन, टीम वर्क तथा दृढ़ता जैसे महत्वपूर्ण गुणों को संजोना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार के कुल 1 लाख करोड़ रुपये के बजट में लगभग 20,000 करोड़ रुपये शिक्षा विभाग को आवंटित किए गए हैं। इसके तहत ग्रामीण और स्कूल स्तर पर खेल सुविधाओं के निर्माण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकार्पित किये गए नए खेल परिसर में गांवों के बच्चों के लिए खेल और स्वास्थ्य की सुविधाएं प्रदान की गई है । मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उनमें जज्बा होता है और वे जीत के लिए दृढ़ता से प्रयास करते हैं। ऐसे में सरकार का यह कर्तव्य है कि उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी घोषणा की कि दिल्ली सरकार जल्द ही दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में इंटरस्टेट बस सेवाएं पुनः चालू करेगी। नई बसों के साथ नए मार्ग बनाए जाएंगे, जिससे दिल्ली के दूरदराज इलाकों में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहात में अगले वर्ष तक कई लंबित परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा, जिससे गांवों और देहात के लोगों को स्थायी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद ने कहा कि यह खेल परिसर एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे आधुनिक सुविधाएं खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि यह परिसर न केवल खेल कौशल को बढ़ावा देगा, बल्कि सरकारी स्कूलों में विश्वस्तरीय शिक्षा और बेहतर सुविधाओं को भी प्रोत्साहित करेगा। श्री सूद ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार 75 नए सीएम श्री स्कूल स्थापित कर सरकारी शिक्षा को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। अब सरकारी स्कूल अभावग्रस्त स्कूल नहीं रहेंगे, बल्कि उत्कृष्ट शिक्षा के केंद्र बनेंगे।

# मेक इन हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2025 से रखी जाएगी प्रदेश को वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की मजबूत नींवः राव नरबीर सिंह

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा को वर्ष 2047 तक एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए "मेक इन हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी-2025" एक मजबूत नींव होगी। इस पॉलिसी से प्रदेश में पांच लाख करोड़ रुपए निवेश तथा रोजगार के 10 लाख नए अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह बात बुधवार को गुरुग्राम के ग्रैंड हयात होटल में हितधारकों के साथ इस पॉलिसी के प्रावधानों को लेकर परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए कही।



उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 में विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा एक प्रमुख भागीदार राज्य होगा। भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में उद्योग जगत की प्रमुख भूमिका होगी। सरकार आपके हितों को लेकर बेहद सजग है। ऐसे में आप भी बाजार के अनुकूल अच्छे व सस्ते प्रोडक्ट तैयार करें ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हमारे प्रोडक्ट पीछे न रहे।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्योग जगत आगे बढ़ेगा तो देश भी आगे बढ़ेगा। सरकार आपको सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। आज की बैठक में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने जो भी सुझाव रखे है। उनका अध्ययन करवाकर सभी आवश्यक सुझावों को नई नीति में शामिल किया जाएगा। उद्योगपतियों की सुविधा के लिए सभी औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं व अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। इससे पहले मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने "मेक इन हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2025" में मिलने वाली सुविधाओं व इंसेंटिव को लेकर हरियाणा सरकार की प्रशंसा की और अपने सुझाव भी दिए। उद्योग जगत द्वारा रखे गए सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें नीति में शामिल करने के निर्देश दिए।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल ने परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अब केवल 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि 'कॉस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' कम करने और 'राइट टू बिजनेस' जैसी अवधारणाओं को भी आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह नीति हरियाणा को आने वाले वर्षों में देश का सबसे आकर्षक और प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य बनाएगी। नई नीति केवल वित्तीय प्रोत्साहनों तक सीमित नहीं है, बल्कि उद्योगों को एक सक्षम इकोसिस्टम उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। सरकार ने व्यवसाय करने में आने वाली 23 प्रमुख बाधाओं की पहचान कर ली है और 31 दिसंबर तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, श्रम एवं शहरी नियोजन से जुड़ी रुकावटों को दूर करने का लक्ष्य रखा है। साथ ही ब्लॉक ए और बी दोनों क्षेत्रों को समान अवसर दिए जाएंगे, ताकि निवेश पूरे राज्य में संतुलित रूप से बढ़ सके।

डॉ अमित अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा की जीडीपी पिछले 10 वर्षों में लगभग 11% की दर से बढ़ी है, जो राष्ट्रीय औसत से 3झ4% अधिक है। राज्य प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रह में देश में सबसे आगे है और अपने खर्च का 80% खुद अर्जित करने वाला सबसे आत्मनिर्भर राज्य है। उन्होंने कहा कि सरकार एक एआई-आधारित पोर्टल अगले दो महीनों में लॉन्च करने जा रही है, जिससे उद्योगों के लिए लाभ और सेवाओं का सरल, पारदर्शी व प्रभावी उपयोग संभव होगा। नई नीति में ओपेक्स और कैपेक्स आधारित लचीले प्रोत्साहन, 15झ16 क्षेत्रों के लिए सेक्टोरल नीतियां तथा अल्ट्रा मेगा और मेगा परियोजनाओं के लिए स्पष्ट पैकेज शामिल किए गए हैं।

# नई जीएसटी दरों का गरीब एवं मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा होगा लाभ : मंत्री कृष्ण लाल पंवार

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने चरखी-दादरी शहर के विभिन्न व्यापारिक संस्थानों पर जाकर नई जीएसटी दरों को लेकर व्यापारियों से चर्चा की। उन्होंने ग्राहकों से भी बात की और नई जीएसटी दरों से कीमतों में आई कमी पर उन्हें बधाई दी।



इससे पहले मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी की दरों को घटा कर ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। इसका सबसे ज्यादा फायदा देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग को होगा। इस बदलाव से एक ओर जहां रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में कमी हुई है, वहीं दूसरी ओर छोटे उपकरण व वाहनों की कीमत भी कम हुई है। जिन लोगों ने वाहन बुक किए थे, अब उन्हें वही वाहन कम कीमत पर मिल रहे हैं। इसके लिए लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत जीएसटी स्लैब्स को सरल करते हुए अब मुख्य रूप से कुछ सामान को 0 प्रतिशत श्रेणी में भी लाया गया है, यानी वे पूरी तरह से कर मुक्त होंगी। इसके अलावा मुख्यत दो जीएसटी स्लैब्स 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत बनाए गए हैं। पहले लागू 12 प्रतिशत व 28 प्रतिशत स्लैब को पूर्णत समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं और सेवाओं को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इनमें दूध, रोटी-पराठा जैसे भारतीय ब्रेड्स, व्यक्तिगत जीवन व स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी, प्राथमिक स्टेशनरी, नोट्स बुक, मैप, चार्ट व जीवन रक्षक दवाएं शामिल हैं। इन वस्तुओं पर अब उपभोक्ताओं को कोई कर नहीं देना होगा।

# दिल्ली देहात के विकास में 27 वर्षों की उपेक्षा का हो रहा अंतः रविन्द्र इन्द्राज

## 'दिल्ली देहात की लगातार बदल रही है तस्वीर'

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले 27 वर्षों से दिल्ली देहात उपेक्षा का शिकार रहा है। पूर्ववर्ती राज्य सरकारों ने घोटाले करने और गाँव व गरीब का हक छीनने के सिवाय कुछ नहीं किया। अब केंद्र और राज्य के बेहतर तालमेल से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय का संकल्प पूरा हो रहा है। विकास को दिल्ली के अंतिम छोर तक पहुंचाकर विकसित दिल्ली का निर्माण करेंगे। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बुधवार को बवाना में दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत हुए विकास कार्यों के लोकार्पण के अवसर पर मीडिया से चर्चा के दौरान यह बातें कहीं।



श्री इन्द्राज ने कहा कि सेवा पखवाड़े में दिल्ली देहात को नई परियोजनाओं का उपहार मिला है। इसके लिए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का विशेष आभार। उपराज्यपाल ने 2023 में ग्रामीण दिल्ली के विकास का विशेष संज्ञान लिया और विशेष फंड दिया। इस निधि से दिल्ली देहात के चौपालों, गलियों, नालियों, सामुदायिक भवनों, गैस पाइपलाइन सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को गति मिली है। कुतुबगढ़ में एक आधुनिक स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी किया गया है। श्री इन्द्राज सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी ग्रामीण दिल्ली के मास्टर प्लान के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया। ग्रामीण क्षेत्रों के लिंक रोड्स और लाल डोरा के विकास को प्राथमिकता देने के उन्होंने विशेष निर्देश दिए। यह दिल्ली को 'विकसित दिल्ली' की दिशा में आगे बढ़ाने का सशक्त कदम है।

पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार घोटालों से भरी हुई थी। मेट्रो विस्तार, यूईआर परियोजना एवं डीडीए की परियोजनाओं को सहयोग नहीं मिला, साथ ही आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की कई योजनाओं को लागू न करने से ग्रामीण दिल्ली का विकास बाधित हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की अनियमितताओं के कारण अनेक घोटाले उजागर हो रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने सवाल उठाया कि पिछली सरकार में सीवर सिस्टम और अन्य विकास कार्यों के लिए आया पैसा कहाँ गया? साथ ही कहा कि मैं स्वयं भी कई मामलों में जांच के लिए पत्र लिखने वाला हूँ। भविष्य में प्रत्येक विधानसभा में हुए घोटालों की जांच होगी, जिससे विकास कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।



पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों (सी.पी.) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एस.एस.पी.) को निर्देश दिया कि अपराध और आपराधिक तत्वों के साथ बिल्कुल भी नरमी न बरती जाए और सख्ती से निपटा जाए।

# पंजाब सरकार ने उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करने के लिए नई नीति लागू की

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और चिकित्सकीय पेशेवरों की अथक सेवाओं को मान्यता देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने डॉक्टरों को सम्मानित करने के लिए अपनी तरह की पहली नीति पेश की है। यह घोषणा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज यहाँ की।





संस्थागत, पारदर्शी और योग्यता-आधारित प्रणाली जैसी विशेषताओं वाली यह नीति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब द्वारा लागू की जाएगी, जिसमें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान व्यक्तिगत रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान करेंगे। यह पहल पंजाब की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले डॉक्टरों के योगदान को मान्यता देने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस पहल के बारे में बताते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार हर साल 60 डॉक्टरों को इस नई नीति के तहत सम्मानित करेगी ताकि चिकित्सकीय पेशेवरों के मनोबल और उनकी मानवतावादी सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार चार श्रेणियों के तहत दिए जाएंगे, जिनमें राज्य स्तरीय सर्वोत्तम डॉक्टर पुरस्कार, जिला स्तरीय उत्कृष्टता पुरस्कार, नवाचार या सार्वजनिक स्वास्थ्य नेतृत्व के लिए विशेष मान्यता और निजी क्षेत्र में सार्वजनिक सेवा के लिए विशेष मान्यता शामिल है। प्रत्येक पुरस्कार को मुख्यमंत्री या स्वास्थ्य मंत्री, पंजाब द्वारा सम्मान प्रमाणपत्र दिया जाएगा और पुरस्कार का नाम राज्य स्वास्थ्य सम्मान बोर्ड पर स्थायी रूप से लिखा जाएगा, जिसे डिजिटल रूप में सरकारी अस्पतालों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, डॉक्टर सार्वजनिक स्वास्थ्य के रक्षक हैं, जो कोविड -19 से लेकर बाढ़ तक संकट की हर घड़ी में पंजाब के लोगों के लिए डटे हुए हैं। यह नीति हमारी सरकार की ओर से चिकित्सकीय पेशेवरों की सेवा को मान्यता देने और उन्हें इसी तरह समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित करने के संकल्प को दशार्ती है। लगभग 6,000 डॉक्टर आम आदमी क्लीनिकों, ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-प्रभागीय और जिला अस्पतालों, सरकारी मेडिकल कॉलेजों और आउटरीच कार्यक्रमों में सेवा दे रहे हैं। स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े ये सभी पेशेवर पंजाब में दूर-दराज बसे लोगों समेत राज्य के हर कोने तक मानक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित करते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने 2022 से अब तक कुल 934 डॉक्टरों की भर्ती की है-जो राज्य के ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-प्रभागीय और जिला अस्पतालों में तैनात 3,831 चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों की वर्तमान ताकत का लगभग 25 प्रतिशत है। उन्होंने पुष्टि की कि चिकित्सकीय सेवाओं को मजबूत करने का काम जारी है और अगले एक से दो महीनों में और डॉक्टरों के राज्य की स्वास्थ्य फोर्स में शामिल होने की उम्मीद है।

## सम्पादकीय

### आज का भारत

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का वह विचार आज और भी सजीव लगता है, जिसमें उन्होंने कहा था–गरीबी केवल भौतिक अभाव का नाम नहीं, बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के विकास में बाधा है। गरीबी अब केवल आय की कमी का नाम नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और गरिमा से वंचित होना भी गरीबी का ही रूप है। यही कारण है कि आज हमें बहुआयामी गरीबी की बात करनी है, जो व्यक्ति की जीवन-गुणवत्ता के कई पहलुओं को मापता है। भारत में 2013-14 में लगभग 29% लोग बहुआयामी गरीबी में थे, पर 2022-23 में यह घटकर केवल 11% रह गया, यानी करीब 25 करोड़ लोग इससे बाहर आए। अकेले उत्तर प्रदेश में लगभग 6 करोड़ लोगों ने गरीबी की इस परिभाषा से मुक्ति पाई। यही अंत्योदय का वास्तविक स्वरूप है–जब विकास केवल अन्न या आवास तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जीवन के हर आयाम को गरिमा और अवसर से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था–भारत की प्रगति मानवता के एक–छठे हिस्से की नियति है। यह कथन केवल आदर्श नहीं, बल्कि तथ्य है। जब हमारे देश के लोग गरीबी से बाहर निकलते हैं, तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। मोदी सरकार की कई योजनाएँ इसी दर्शन को आगे बढ़ाती हैं। उज्ज्वला योजना ने गरीब माताओं के जीवन से धुआँ हटाया, आयुष्मान भारत ने पाँच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा दी, प्रधानमंत्री आवास योजना ने पक्के घर दिए और स्वच्छ भारत मिशन ने शौचालयों के माध्यम से स्वास्थ्य व सम्मान दोनों पहुँचाया। यह सब मिलकर दिखाता है कि अंत्योदय अब केवल बुनियादी जरूरतों की पूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गरिमा और आत्मसम्मान से भरे जीवन का नया आधार है। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था–गरीबों को गरीबी से बाहर निकालना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। उनकी यह बात आज भी गूंजती है क्योंकि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में गरीबी से मुक्ति का अभियान अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में शून्य गरीबी अभियान शुरू किया है। इस अभियान में लाखों परिवार चिन्हित किए गए हैं और उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, ताकि 2027 तक राज्य को गरीबी-मुक्त घोषित किया जा सके। जब किसी परिवार को एक ही दरवाजे से उज्ज्वला, आयुष्मान, जल जीवन मिशन और आवास योजना का लाभ मिलता है, तब अंत्योदय का वास्तविक अर्थ सामने आता है। आज का अंत्योदय केवल मदद तक नहीं है, यह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम है। मुद्रा योजना, स्टार्ट-अप इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसे प्रयासों ने युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया है। सड़क, बिजली और इंटरनेट गाँवों तक पहुँचाकर अब अवसरों की खाई घट रही है। इसका सीधा अर्थ है कि अंत्योदय अब सहायता से आगे बढ़कर सशक्तिकरण का नाम बन गया है। लेकिन केवल सरकारी योजनाएँ पर्याप्त नहीं हैं। अंत्योदय तभी संपूर्ण होगा जब समाज की चेतना भी साथ आए। जब कोई स्वयंसेवक किसी बच्चे को अक्षरज्ञान देता है, कोई डॉक्टर दूरदराज में निःशुल्क सेवा करता है, या युवा मिलकर किसी गाँव को स्वच्छ बनाते हैं, तो यह भी अंत्योदय है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का यह कथन यहाँ विशेष मार्गदर्शक है–विकास की धारा तभी पूर्ण होगी जब उसका स्पर्श समाज के अंतिम तट तक पहुँचे। आज भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 के 19% से बढ़कर 2025 में 64% से अधिक हो गया है। यानी लगभग 94 करोड़ लोग अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आ चुके हैं। यह आँकड़ा दर्शाता है कि अंत्योदय अब करोड़ों परिवारों के जीवन में आत्मविश्वास और आशा का दीपक बन गया है। बहुआयामी गरीबी की गिरावट और सामाजिक सुरक्षा में यह बढ़ोतरी, दोनों मिलकर यह सिद्ध करते हैं कि अंत्योदय अब केवल नीति की अवधारणा नहीं, बल्कि धरातल पर बदलती हकीकत है। निष्कर्ष यही है कि अंत्योदय की बदलती परिभाषा अब रोटी-कपड़ा-मकान तक सीमित नहीं है। आज यह स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल अवसर, गरिमा और आत्मनिर्भरता का नया नाम है। जब कोई माँ धुएँ से मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जीती है, कोई बच्चा डिजिटल शिक्षा से जुड़ता है, कोई किसान सम्मानजनक आय पाता है और कोई गरीब परिवार पक्के घर में सपनों को सँजोता है, तभी राष्ट्र की प्रगति सार्थक होती है। और अंत में, अटल बिहारी वाजपेयी जी के इन शब्दों से बेहतर इस बदलाव की आत्मा को कोई और व्यक्त नहीं कर सकता–कोई भी समाज तभी महान कहलाता है जब उसकी सबसे कमजोर कड़ी भी सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीवन जी सके। यही अंत्योदय की बदलती परिभाषा है, और यही भारत की बदलती तस्वीर।

## जयंती

### दीनदयाल उपाध्याय



जन्म: 25 सितंबर, 1916, मथुरा, उत्तर प्रदेश; मृत्यु: 11 फरवरी 1968) भारतीय जनसंघ के नेता थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा एक ऐसे नेता थे जिन्होंने जीवनपर्यन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया। वे भारतीय जनता पार्टी के लिए वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मजहब और संप्रदाय के आधार पर भारतीय संस्कृति का विभाजन करने वालों को देश के विभाजन का ज़िम्मेदार मानते थे। वह हिन्दू राष्ट्रवादी तो थे ही, इसके साथ ही साथ भारतीय राजनीति के पुरोधा भी थे। दीनदयाल की मान्यता थी कि हिन्दू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं। दीनदयाल उपाध्याय की पुस्तक एकात्म मानववाद (इंटीगरल ह्यूमेनिज्म) है जिसमें साम्यवाद और पूंजीवाद, दोनों की समालोचना की गई है। एकात्म मानववाद में मानव जाति की मूलभूत आवश्यकताओं और सृजित कानूनों के अनुरुप राजनीतिक कार्रवाई हेतु एक वैकल्पिक सन्दर्भ दिया गया है।

## पुण्यतिथि

### कन्हैयालाल नंदन

जन्म: 1 जुलाई, 1933 उत्तर प्रदेश – मृत्यु: 25 सितंबर, 2010 दिल्ली) वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार, मंचीय कवि और गीतकार के रूप में मशहूर रहे। नंदन ने पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में अपना अलग मुकाम बनाया। पराग, सारिका और दिनमान जैसी पत्रिकाओं में बतौर संपादक अपनी छाप छोड़ने वाले नंदन ने कई किताबें भी लिखीं। कन्हैयालाल नंदन को भारत सरकार के पद्मश्री पुरस्कार के अलावा भारतेन्दु पुरस्कार और नेहरू फेलोशिप पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## कल मिलेंगे

पत्नी मायके से लौटी ही थी पति दरवाजा खोलते ही जोर–जोर से हंसने लगा...
**पत्नी:** ऐसे क्यों हंस रहे हो जी?
**पति:** बाबा ने कहा था, मुसीबत आए तो हंसकर सामना करना... डरना मत!

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।
**RNI No. : DELHIN/2016/70240**
**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# आखिर कौन कर रहा है सांप्रदायिक तनाव भड़काने की साजिश?

**उत्तर प्रदेश से शुरू हुयी ये अराजकता अब उत्तराखंड के काशीपुर और तेलंगना के हैदराबाद समेत देश के कई शहरों में पहुँच गई है। आइ लव मोहम्मद के समर्थन में उत्तराखंड में पुलिस बल पर सीधा पथराव तथा हमला किया गया, हमले में जिसमें महिला पुलिस कर्मी भी अभद्रता और मार पीट का शिकार हुयीं। पुलिस की गाड़ियाँ तोड़ दी गयीं। यही हाल गुजरात के गोधरा शहर में भी हुआ और महाराष्ट्र के नागपुर में भी**

-मृत्युंजय दीक्षित

**उत्तर** प्रदेश के कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान लगे, आई लव मोहम्मद बोर्ड से शुरू हुआ विवाद अब देशभर में फैल रहा है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव, बरेली, लखनऊ, महराजगंज, जालौन से लेकर कैसरगंज समेत कई शहरों में मुस्लिम समाज अत्यंत उग्रता के साथ जुलूस निकाल रहा है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बहुत ही सघन मुस्लिम बहुल इलाके में भी आई लव मोहम्मद लिखा बैनर टांगा गया है जिसके कारण स्थानीय स्तर पर तनाव अनुभव किया गया। इन जुलूसों में कई जगह पुलिस से टकराव और पथराव भी हो रहा है। मुस्लिम समाज के लोग व मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त रहने वाले लोग इसे मुस्लिम समाज का जेन-जी आंदोलन कहकर आग में घी डालने का कुत्सित प्रयास करते नजर आ रहे हैं जो तनाव को और बढ़ा रहा है। सोची समझी रणनीति के अंतर्गत इस आंदोलन में नाबालिग बच्चों को आगजनी और पुलिस पर पथराव करने के लिए आगे किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश से शुरू हुयी ये अराजकता अब उत्तराखंड के काशीपुर और तेलंगाना के हैदराबाद समेत देश के कई शहरों में पहुँच गई है। आइ लव मोहम्मद के समर्थन में उत्तराखंड में पुलिस बल पर सीधा पथराव तथा हमला किया गया, हमले में जिसमें महिला पुलिस कर्मी भी अभद्रता और मार पीट का शिकार हुयीं। पुलिस की गाड़ियाँ तोड़ दी गयीं। यही हाल गुजरात के गोधरा शहर में भी हुआ और महाराष्ट्र के नागपुर में भी। इन प्रदर्शनों के दौरान सिर तन से जुदा और लब्बैक-लब्बैक जैसे बेहद आक्रामक और आपत्तिजनक नारे लगाए जा रहे हैं। इस पूरे विवाद की पटकथा उत्तर प्रदेश के कानपुर से शुरू हुई। कानपुर के रावतपुर में बारावफात जुलूस निकाला जा रहा था। जिस मार्ग पर जुलूस निकाला जा रहा था उसी रास्ते पर एक जगह "आई लव मोहम्मद" का साइन बोर्ड लगा दिया गया। इसको लेकर हिंदू पक्ष ने विरोध किया और आरोप लगाया कि यहां नई परंपरा शुरू की जा रही है। दोनों पक्षों में तनाव बढ़ता देखकर पुलिस ने हस्तक्षेप किया और किसी प्रकार से मामला को शांत करवाया कि नियम है कि जुलूस में किसी तरह की नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। किन्तु बारावफात के जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने नई परंपरा डालते हुए परंपरा वाली जगह पर ही टेंट और साइन बोर्ड फिर से लगवा दिया।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि, आई लव मोहम्मद को लेकर कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इस बीच संभवतः पूर्व नियोजित साजिश के अनुसार कानपुर में मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष पर आरोप लगाया कि उसने साइन बोर्ड को फाड़ दिया था। वहीं हिंदू पक्ष ने इसका खंडन करते हुए कहा कि मुस्लिम पक्ष के जुलूस में शामिल लोगों ने हिन्दुओं के धार्मिक पोस्टर फाड़े। पुलिस के बीच-बचाव के बाद ऐसा लगा कि अब मामला शांत हो गया है। बाद में कानपुर पुलिस ने बारावफात के जुलूस के दौरान आई लव मोहम्मद नाम का एक नया बोर्ड बनाकर नई परंपरा शुरू करने और सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के लिए मुकदमा दर्ज किया। इस बीच पहले से तैयार बैठे एआईएमआईएम नेता और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर कानपुर पुलिस को टैग करते हुए एक पोस्ट लिखा कि, "आई लव मोहम्मद" कहना जुर्म नहीं है अगर है तो इसकी हर सजा मंजूर है। ओवैसी ने जिस पोस्ट को लेकर कोट किया था उसमें दावा किया गया था कि मुस्लिम पक्ष की ओर से कथित तौर पर नई परंपरा शुरू करने को लेकर पुलिस ने मुकदमा कर दिया है। इस बात की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है कि ओवैसी की इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों का बाजार गर्म होता गया और अब यह आग देश के अनेकानेक हिस्सों में फैलती जा रही है।

तमाम कट्टरपंथी और मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले तत्व इस आग में घी डालने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो और कमेंट पोस्ट करके तनाव बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। यह सब कुछ उस समय हो रहा है जब हिन्दू पर्वों की नवरात्र से देवदीपावली तक एक लंबी श्रृंखला चलने वाली है।

इन सभी घटनाओं का पैटर्न लगभग एक ही जैसा नजर आ रहा है। बरेली के जखीरा मुहल्ले में आई लव मोहम्मद लिखे कई पोस्टर लगे थे। इंस्पेक्टर सुभाष कुमार ने बताया कि भीड़ होने की सूचना पर, वे पहुँचे तो पाया कि वहां इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के महासचिव डा. नफीस खान भी थे। पुलिस के पहुंचने पर नफीस खान ने वहां पर उपस्थित लोगों को घर जाने के लिए कह दिया किंतु बाद में इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ उसमें डा.नफीस कुछ लोगों से कहते सुनाई दे रहे हैं कि मैंने इंस्पेक्टर को बहुत अपशब्द कहे। मैंने कहा कि, हाथ काट लूंगा, वर्दी उतरवा दूंगा। जांच में पता चला है कि पुलिस के मोहल्ले से लौटने के बाद नफीस ने भीड़ को भड़काने का प्रयास किया। नफीस बरेली में मौलाना तौकीर रजा खां की पार्टी आईएमसी के महासचिव हैं।

सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इन जुलूसों में 10 साल से कम आयु के लड़कों तथा औरतों द्वार उग्र प्रदर्शन कराया जा रहा है। उन्नाव में हिंसक उपद्रव का नेतृत्व महिलाओं व बच्चों ने किया। बुर्कानशीं महिलाओं ने ही पुलिस बल पर पत्थर बरसाये और नाबालिगों ने सर तन से जुदा के नारे लगाकर माहौल खराब किया। कठिनाई यह है कि हमारे देश के संविधान में नाबालिगों को केवल सुधार गृह भेज दिया जाता है और महिलाओं की प्रायः जल्दी गिरफ्तारी नहीं होती। वहीं दूसरी ओर तथाकथित संविधान रक्षक मुस्लिम तुष्टिकरण का खेल प्रारंभ कर देते हैं। इन सभी उपद्रवियों को पता है कि उन्हें सभी छद्म धर्मनिरपेक्ष दलों का खुला समर्थन प्राप्त है। नाबालिगों को सोच समझ कर केवल इसलिए शामिल किया जा रहा है क्योंकि वह आसानी से छूट जाएंगे और सजा भी बहुत कम होगी। भारत में सार्वजनिक जगहों पर बिना अनुमति पोस्टर बैनर लगाना गैरकानूनी है किंतु सभी लोग इसका उल्लंघन करते हैं। पुलिस का कहना है कि यह आंदोलन गुमराह करने वाला है। मुस्लिम तुष्टिकरण में संलिप्त नेता इस आंदोलन को अल्पसंख्यकों के दमन से उपजा आक्रोष बता रहे हैं और भाजपा व हिंदू संगठनों को दोष दे रहे हैं। एक पार्टी के प्रवक्ता तो तुष्टिकरण में इतने आगे बढ़ गए कि आंदोलन सम्बन्धी एफआईआर को ही संविधान विरोधी कृत्य बताने लगे। विगत दिनों बहराइच में एआईएमआईएम के नेता द्वारा स्थानीय महाराजा सुहेलदेव राजभर का अपमान करने के कारण भी तनाव उत्पन्न हो गया था।

इस प्रकार के तनाव उत्पन्न करने का प्रयास उस समय किया जा रहा है जब योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश का प्रथम इंजन बनने की ओर अग्रसर है। योगी जी को अच्छी तरह से पता है कि उपद्रवियों व दंगाइयों से किस प्रकार निपटा जाता है। उत्तर प्रदेश की जनता को सरकार व योगी जी की रणनीति पर पूरा भरोसा है। यहां की पुलिस सतर्क भी है और कड़क भी। उत्तर प्रदेश प्रशासन इस आंदोलन की जड़ तक जाएगा और षड्यंत्रकारियों को ढूंढ निकालेगा।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अरुणाचल में 'ओजु' प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी, मोदी ने चीन के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी

**भारत अब इस खतरे को मूक दर्शक बनकर नहीं देखना चाहता। ओजु जैसी परियोजनाएँ दरअसल यह संदेश देती हैं कि भारत भी अपनी नदी संसाधनों पर अधिकार जताने और उन्हें सामरिक हथियार की तरह उपयोग करने के लिए तैयार है। यह परियोजना न केवल ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि चीन के जल–राजनीति को संतुलित करने का साधन भी बनेगी**

-नीरज कुमार दुबे

**भारत** की ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा से जुड़ा एक बड़ा कदम हाल ही में तब सामने आया जब पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी ज़िले में प्रस्तावित 2,220 मेगावॉट के ओजु जलविद्युत परियोजना को मंजूरी दे दी। लगभग 25,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना भारत की तीसरी सबसे बड़ी हाइड्रो पावर परियोजना होगी, जिसे पूरा होने में कम से कम पाँच वर्ष लगेंगे। इससे पहले दिबांग (2,880 मेगावॉट) और एतालिन (3,087 मेगावॉट) परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है। देखा जाये तो यह महज ऊर्जा उत्पादन की परियोजना नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक योजना का हिस्सा है। क्योंकि यह इलाका सीधे चीन की सीमा से सटा हुआ है। ऐसे में, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह कदम चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जा रहे बाँधों के जवाब में है? और क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अरुणाचल यात्रा के महज दो दिन बाद इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलना कोई साधारण संयोग है? हम आपको बता दें कि चीन लंबे समय से ब्रह्मपुत्र (यारलुंग त्सांगपो) पर बड़े-बड़े हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। उसकी योजना वहाँ दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट खड़ा करने की है। भारत के लिए यह चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि ब्रह्मपुत्र की धारा तिब्बत से निकलकर अरुणाचल और असम से होते हुए बांग्लादेश पहुँचती है। यदि चीन ऊपरी धारा पर पानी रोकता है या दिशा मोड़ता है, तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और असम की कृषि, पारिस्थितिकी और लोगों के जीवन पर गहरा असर पड़ सकता है।

भारत अब इस खतरे को मूक दर्शक बनकर नहीं देखना चाहता। ओजु जैसी परियोजनाएँ दरअसल यह संदेश देती हैं कि भारत भी अपनी नदी संसाधनों पर अधिकार जताने और उन्हें सामरिक हथियार की तरह उपयोग करने के लिए तैयार है। यह परियोजना न केवल ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि चीन के जल-राजनीति को संतुलित करने का साधन भी बनेगी। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी दो दिन पहले ही अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर गए थे, जहाँ उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और राज्य की सामरिक महत्ता पर जोर दिया। उनकी यात्रा के मात्र दो दिन बाद ओजु प्रोजेक्ट की मंजूरी सामने आना केवल संयोग नहीं माना जा सकता। यह एक सोचा-समझा सामरिक संकेत है- भारत चीन को यह बताना चाहता है कि अरुणाचल पर उसके दावे किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं।

दरअसल, चीन लगातार अरुणाचल को दक्षिण तिब्बत बताकर दावा करता रहा है। भारत का यहाँ बड़े पैमाने पर बुनियादी ढाँचा और ऊर्जा परियोजनाएँ खड़ी करना इस दावे को व्यावहारिक रूप से निष्प्रभावी बना देता है। यह कदम यह संदेश भी देता है कि भारत केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सीमा से लगे इलाकों में विकास की नई धारा बहाएगा। देखा जाये तो यह प्रोजेक्ट भारत की आत्मविश्वासी छवि का प्रतीक है। अब भारत केवल रक्षात्मक मुद्रा में नहीं है, बल्कि आक्रामक विकास और सामरिक कदमों के जरिए चीन की चालों को संतुलित करने में जुटा है।

हम आपको यह भी बता दें कि ओजु प्रोजेक्ट से भारत को कई स्तरों पर लाभ होगा। जैसे- 2,220 मेगावॉट उत्पादन पूर्वोत्तर राज्यों को आत्मनिर्भर बनाएगा और राष्ट्रीय ग्रिड को भी मजबूत करेगा। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा और आधारभूत ढाँचे का विकास होगा। साथ ही यह परियोजना चीन को यह संदेश देगी कि भारत भी जल संसाधनों का उपयोग सामरिक हथियार की तरह कर सकता है। वहीं भारत अपने विकासशील राष्ट्र के एजेंडा के तहत यह दिखा सकेगा कि वह पर्यावरणीय सतर्कता के साथ बड़े प्रोजेक्ट पूरे कर सकता है।

हम आपको बता दें कि विशेषज्ञ समिति ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देते समय कई शर्तें भी जोड़ी हैं- जैसे ग्लेशियर झील फटने के खतरे को ध्यान में रखना, रीयल-टाइम अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाना और पाँच साल बाद पर्यावरणीय असर की समीक्षा करना। यह जरूरी है, क्योंकि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय और पारिस्थितिक दृष्टि से संवेदनशील है। यदि संतुलन नहीं रखा गया तो लाभ से ज्यादा नुकसान भी हो सकता है।

बहरहाल, ओजु जलविद्युत परियोजना केवल एक ऊर्जा प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि भारत का भू-राजनीतिक बयान है। यह बताता है कि भारत अब चीन की जल-राजनीति का जवाब अपने दम पर देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी की अरुणाचल यात्रा के बाद यह फैसला यह संदेश देता है कि भारत अपनी सीमाओं और संसाधनों पर किसी भी बाहरी दावे या दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। भारत अब उस आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है जहाँ विकास और सुरक्षा दोनों हाथ में हैं। चीन की चुनौती का जवाब केवल सैन्य मोर्चे पर नहीं, बल्कि जलविद्युत और विकास के मोर्चे पर भी दिया जाएगा।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# काठमांडू हवाई अड्डे पर भारतीय नागरिक से 800 ग्राम से अधिक सोना बरामद, गिरफ्तार

(एजेन्सी)। **नेपाल** के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय नागरिक को गुदा में सोना छिपाकर तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि हवाई अड्डे के आगमन परिसर में मंगलवार को सुरक्षा जांच के दौरान रौनक मदानी (48) का व्यवहार संदिग्ध प्रतीत हुआ। नेपाल पुलिस मुख्यालय के समाचार बुलेटिन के अनुसार, मदानी को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका एक्स-रे किया गया जिसमें पता चला कि उसने अपनी गुदा के अंदर सोने के तीन पैकेट छिपा रखे हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों पैकेट में कुल 835 ग्राम सोना था। मदानी विमानन कंपनी इंडिगो की उड़ान से मुंबई से काठमांडू पहुंचा था। पुलिस ने मामले की जांच के लिए उसे हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया है।

# शहर खाली, फ़्लाइटें बंद, मचा हाहाकार! आ गया साल का सबसे बड़ा तूफान रागासा

(एजेन्सी)। **पिछले** दो दिनों में सुपर टाइफून रागासा के कारण ताइवान और फिलीपींस में भारी तबाही मचने के बाद दक्षिणी चीनी प्रांत ग्वांगडोंग से लगभग 20 लाख लोगों को निकाला गया है। अब तक मरने वालों की संख्या 15 हो गई। समाचार एजेंसी एपी ने राष्ट्रीय मौसम एजेंसी के हवाले से बताया कि यह तूफान पिछले कई वर्षों में सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक है। ये दोपहर से शाम के बीच चीनी शहरों ताइशान और झानजियांग के बीच दस्तक देगा। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बुधवार को अग्निशमन विभाग के हवाले से बताया कि सुपर टाइफून रागासा के दौरान पहाड़ों में एक बैरियर झील के उफान पर आने से एक शहर में बाढ़ आ गई, जिससे ताइवान के पूर्वी काउंटी हुआलिएन में अब तक चौदह लोगों की मौत हो गई है, और 124 लोग लापता हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान के विभिन्न क्षेत्रों ने हुआलिएन में बचाव दल भेजे हैं, और सेना ने मदद के लिए 340 सैनिक भेजे हैं।

समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, बुधवार तड़के तूफान तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ हांगकांग पहुँचा और दक्षिणी चीनी तट पर जनजीवन ठप हो गया। दक्षिणी चीन के 10 से ज्यादा शहरों में स्कूल, कारखाने और परिवहन सेवाएँ बंद कर दी गईं। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, तेज हवाओं ने हांगकांग में एक पैदल यात्री पुल की छत के कुछ हिस्से उड़ा दिए और पेड़ गिरा दिए। लगभग 13 घायल लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मकाऊ में एक व्यक्ति घायल हुआ। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, हांगकांग ने तूफान का उच्चतम चेतावनी संकेत 10 जारी किया है और व्यवसायों और परिवहन सेवाओं को बंद करने का आग्रह किया है।

बीबीसी की एक अपडेट के अनुसार, टाइफून रागासा ने गुआंग्डोंग तट की ओर बढ़ते हुए उत्तर की ओर रुख कर लिया है, तथा यह पूर्व अनुमान से पहले और अधिक उत्तर में पहुंचने वाला है। स्थानीय समयानुसार शाम 5:00 बजे (08:00 GMT) चीन के शेन्जेन शहर में लॉकडाउन समाप्त हो गया। शेन्जेन के आपदा निवारण प्राधिकरण ने एक बयान में कहा, "तूफान रागासा धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है और हमारे शहर से दूर जा रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, हांगकांग वेधशाला ने बुधवार देर दोपहर कहा कि रागासा एक महातूफान से कमजोर होकर एक गंभीर तूफान में बदल गया है। मौसम विज्ञान सेवा ने कहा कि रागासा धीरे-धीरे हांगकांग से विदा हो रहा है, हालाँकि, क्षेत्र के कई स्थानों पर तूफानी हवाओं के साथ खतरा बना हुआ है।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2 मुकाबलों में हराकर जीती सीरीज


(एजेन्सी)। **भारतीय** अंडर-19 क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की यूथ वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को दूसरे मुकाबले में 51 रन से हराकर 2-0 से सीरीज अपने नाम की है। भारत की जीत में वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा और अभिज्ञान कुंडू ने अहम भूमिका निभाई है। वहीं आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम ने पहले इंग्लैंड को यूथ वनडे सीरीज में हराया था और अब इस टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उनकी धरती पर हराते हुए अपने विजयी क्रम को जारी रखा। इस मैच में भारत ने टॉस गंवाया लेकिन इस टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला और फिर आयुष की टीम ने 49.4 ओवर में 300 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 47.2 ओवर में 249 रन ही बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को 300 रन तक पहुंचाने में वैभव, विहान और अभिज्ञान की अर्धशतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। वैभव ने 68 गेंदों में 70 रन बना जबकि विहान ने 74 गेंदों में 70 तो अभिज्ञान ने 64 गेंदों में 71 रन की तेज पारी खेली। हालांकि, कप्तान आयुष ने दूसरे मैच में भी निरा किया और इस बार वो अपना खाता तक नहीं खोल पाए। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विल बायरोम ने 3 सबसे ज्यादा विकेट अपने नाम किए।

# सोहा अली खान और सबा पटौदी ने मंसूर अली खान पटौदी को पुण्यतिथि पर किया याद

(एजेन्सी)। **बॉलीवुड** अभिनेत्री सोहा अली खान और ज्वेलरी डिजाइनर सबा पटौदी ने अपने दिवंगत पिता, क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए अपने सोशल मीडिया मंच पर तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा की। मंसूर का 70 वर्ष की आयु में फेफड़ों के संक्रमण के कारण 22 सितम्बर 2011 को निधन हो गया था। सोहा ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस फोटो में उनके दिवंगत पिता की एक फोटो फ्रेम थी, जिसके पास मोमबत्तियां रखी हुई थी।

उनकी तस्वीर में एक नोट भी था, जिसमें लिखा था, मिस्टर टाइगर के लिए। हैप्पी बरसी! मैं आपसे प्यार करती हूं! आप बहुत मजेदार, खुशमिजाज, मस्त-मौला और बड़े दिल वाले हैं! उनकी पोस्ट का कैप्शन था, आज और हमेशा। मेरे अब्बा। टाइगर पटौदी के नाम से मशहूर, वह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान थे और उन्हें 2001 में सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी मिला था, जो बीसीसीआई द्वारा किसी पूर्व खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

सबा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कीं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, मेरे दिल में हमेशा और



हमेशा के लिए। आज मैं आपको याद कर रही हूं और यकीन नहीं कर पा रही हूं कि इतने साल बीत गए। मैं महसूस कर सकती हूं कि आप मुझे देख रहे हैं, मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी रक्षा कर रहे हैं।

टाइगर के नाम से मशहूर मंसूर का 22 सितंबर, 2011 को फेफड़ों के गंभीर संक्रमण से निधन हो गया। 70 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। 21 वर्ष की आयु में वे भारतीय टीम के सबसे युवा कप्तान थे। उनके पिता, भोपाल के नवाब, इफ़्तिखार अली खान पटौदी भी एक प्रसिद्ध क्रिकेटर थे। 1966 में, मंसूर ने शर्मिला टैगोर से शादी की। उनके तीन बच्चे हैं-सैफ अली खान, सबा अली खान और सोहा अली खान।

# फोनपे ने आईपीओ की मंजूरी मांगी, सेबी को गोपनीय मार्ग से सौंपे दस्तावेज

(एजेन्सी)। **डिजिटल** भुगतान प्रदाता फोनपे ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि फोनपे लिमिटेड ने प्री-फाइलिंग गोपनीय मार्ग के जरिये आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। प्रवक्ता ने हालांकि आईपीओ के आकार का खुलासा करने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने जून में पीटीआई-भाषा को बताया था कि सार्वजनिक पेशकश में सहायता के लिए कंपनी ने कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेपी मॉर्गन चेस, सिटीग्रुप और मॉर्गन स्टेनली को शामिल किया है।

# रुपया शुरूआती कारोबार में सात पैसे टूटकर 88 .80 प्रति डॉलर पर

(एजेन्सी)। **रुपया** बुधवार को शुरूआती कारोबार में सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.80 पर आ गया। अमेरिका के एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.80 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुरूआती कारोबार में 88.71 प्रति डॉलर पर भी पहुंचा। रुपया मंगलवार को 45 पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 88.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार में रुपया 88.82 प्रति डॉलर पर भी पहुंचा था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.35 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरूआती कारोबार 380.48 अंक फिसलकर 81,721.62 अंक पर और निफ्टी 106.45 अंक की गिरावट के साथ 25,063.05 अंक पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत चढ़कर 67.79 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,551.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# लगातार दो हार से बौखलाए अफरीदी

**(एजेन्सी)।** टीम इंडिया एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को लगातार दो बार हरा चुकी है। जारी टूर्नामेंट में एक बार फिर ऐसे समीकरण बन रहे हैं जहां तीसरी बार ये दोनों टीमें आमने-सामने आ सकती है। हालांकि, उससे पहले इस संभावित मैच को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। वहीं पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने सूर्युकमार यादव के बयान पर सीधा जवाब नहीं दियी कि भारत के दबदबे के कारण भारत-पाक मैचों को अब प्रतिद्वंद्विता नहीं माना जाना चाहिए र जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम का ध्यान एशिया कप जीतने पर है। गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने आखिरी सुपर चार चरण के मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाहीन ने सूर्यकुमार के बयान पर पूछे गए सवालों को टाल दिया। शाहीन अफरीदी ने कहा कि, ये उसका अपना विचार है उसे कहने दीजिए। जब हम (रविवार को संभावित एशिया कप फाइनल में) मिलेंगे तो देखेंगे कि क्या है क्या नहीं। तब देख लेंगे। हम एशिया कप जीतने आए हैं और इसके लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। बता दें कि, सूर्या ने कहा था कि किसी प्रतिद्वंद्विता को वास्तविक मानने के लिए नतीजों का अंतर 12-13 नहीं होना चाहिए जो फिलहाल टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत हार का रिकॉर्ड है। मौजूदा टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच दो बार मुकाबला हुआ है और दोनों की मौकों पर भारत ने आसान जीत दर्ज की।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को दिया अंतिम रूप




**संजना भारती संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को बांसवाड़ा के नापला पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 25 सितम्बर (गुरुवार) को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने नापला में हेलिपैड, सभा स्थल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने पेयजल, पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आमजन के बैठने की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही, पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों से संवाद को लेकर की गई तैयारियों को भी देखा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर ही अधिकारियों की बैठक लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के संबंध में निर्देश दिए।

इस अवसर पर सांसद श्री मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री राजेंद्र राठौड़, पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण श्री प्रवीण गुप्ता सहित संभागीय व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पाली के सुमेरपुर से जाखोड़ा तक सड़क निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**संजना भारती संवाददाता**

**जयपुर।** अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई पाली जिले की सुमेरपुर से जखोड़ा रोड के निर्माण के लिए बुधवार को भूमि पूजन पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने किया। जाखोड़ा के श्री अनोप स्वामी मंदिर के पास हुए भूमि पूजन समारोह में संबोधित करते हुए श्री कुमावत ने कहा कि इस 3 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण पर साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत आएगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनने वाली यह सड़क 7 मीटर चौड़ी और डबल रोड बनेगी। सुमेरपुर से फालना जाने वाली मुख्य सड़क है। उन्होंने कहा कि सुमेरपुर विधानसभा में अनेक सड़कें स्वीकृत करवाई है। लगभग सब जगह काम शुरू करवा दिया है। श्री कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार विकास के लिए प्रगतिशील है और हरसंभव विकास कार्य करवाया जाएगा। पिछली सरकार में सड़कों के नाम से कोई स्वीकृती जारी नहीं होने से क्षेत्र की सड़कों का बुरा हाल हो गया था जिससे स्थिति और विकट हुई थी। वर्तमान सरकार ने आते ही इनको सेक्शन जारी करवाई और इनका कार्य शुरू करवाने का काम किया है।

कार्यक्रम में पाली सरस डेयरी के अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह बिठिया, सांसद प्रतिनिधि श्री अनोप सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र



**संजना भारती संवाददाता**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट जिले के ग्रामीण एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के करीब 4 हजार युवाओं को रोजगार के लिये नियुक्ति-पत्र वितरित किये। इसमें लगभग एक हजार युवतियाँ शामिल है, जिनका बैंगलोर की कंपनियों में प्लेसमेंट हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 850 युवाओं को गृह विभाग के विशेष दस्ते में नौकरी के नियुक्ति-पत्र भी सौंपे। इतनी बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलने से न केवल उनका एवं परिवार का भविष्य संवरेगा साथ ही नक्सलवाद जैसी चुनौती को खत्म करने में मदद मिलेगी। बालाघाट के कटंगी तहसील में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, कंपनी के प्रतिनिधियों, चयनित अभ्यर्थी और उनके परिजन शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने देश की प्रतिष्ठित कंपनियों से चर्चा उपरांत सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 20 से 22 सितम्बर तक रोजगार महोत्सव का आयोजन कराया। कंपनियों द्वारा लगभग 5 हजार युवाओं की भर्ती की जाना है। तीन दिन के इस महोत्सव में सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं तथा शासकीय विभागों के सहयोग से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक से अधिक युवाओं को शामिल कराया गया और उन्हें बालाघाट पहुंचाने में मदद की गई। इस रोजगार महोत्सव में टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, एमआरएफ, क्यूमसुईएसएस बैंगलुरू, एल एंड टी, सीआईआई छिंदवाड़ा, रेमंड कंपनी एवं अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 10वीं पास, 12वीं पास एवं आईटीआई डिप्लोमा प्राप्त 2734 युवाओं का इंटरव्यू लेकर चयन किया गया है। इसमें 1889 युवक एवं 845 युवतियाँ शामिल है।

पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये विशेष कैम्प लगाया गया जिसमें 500 युवाओं का चयन एल एंड टी कंपनी द्वारा किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में आयोजित किये गए रोजगार मेलों में भी 500 युवाओं का चयन किया गया है। इस प्रकार बालाघाट के ग्रामीण एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 3734 युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनी में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

# दुर्गा पूजा को लेकर जिला शांति समिति की बैठक आयोजित

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मृगांक शेखर सिंह**

**जमुई।** जमुई के डीएम श्री नवीन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। डीएम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी और ग्रामीण इलाकों में शारदीय नवरात्र पर्व जारी है। दशहरा पर्व को लेकर उमड़ने वाले जन सैलाब और लोगों की सुरक्षा को लेकर जमुई जिला प्रशासन पूरी तरह सजग और सचेत है। मेला की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा।

हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं होगी। खुशी में खलल पैदा करने वालों को विधि अंतर्गत सबक सिखाई जाएगी। आग से बचाव के लिए खास प्रबंध किए जाएंगे। पूजा स्थल के समीप पारा मेडिकल कैंप और एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। पूजा स्थल पर भीड़ और वाहन को नियंत्रित करने के लिए बैरीकेडिंग कराना जरूरी है। जिला नियंत्रण कक्ष 2407 की तर्ज पर काम करेगा। तालाब, नदी, पोखर आदि जल स्त्रोतों के किनारे सुरक्षा टीम सजग रहेंगे। गोताखोरों का समूह भी अनहोनी से निपटने के लिए चौकस रहेगा।

श्री नवीन ने श्रद्धालुओं से दशहरा पर्व को परंपरागत एवं निर्धारित रीति-रिवाज के अनुकूल मनाएं जाने के साथ खूब खुशियां बांटने की अपील की। उन्होंने जिला वासियों को शारदीय नवरात्र की अनंत, अशेष, अमित, असीमित, अनगिनत और असंख्य शुभकामना दी। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने तल्ख तेवर अपनाते हुए कहा की दुर्गा पूजा के दरम्यान किसी भी तरह के हथियारों का प्रदर्शन विषाद में परिणत हो जाएगा। कानून अपना काम करेगी। अंकित हरकत करने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। पूजा समिति पंडाल के समीप नियंत्रण कक्ष स्थापित करना सुनिश्चित करें। मूर्ति विसर्जन निर्धारित समय पर किया जाना नितांत जरूरी है। सोशल मिडिया पर गिद्ध दृष्टि रखी जाएगी ताकि अफवाहबाजी पर लगाम लगाया जा सके। जिले के तमाम पूजा स्थलों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। आधी आबादी को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के लिए महिला पुलिस बल उपलब्ध होगी। उन्होंने दुर्गा पूजा को उमंग और उल्लास के वातावरण में मनाए जाने की अपील की। एसपी ने भी स्नेही जनों को दशहरा की शुभकामना दी।

# विदर्भ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन से धीरज हर्डे 'दिव्यम अवाड्र्स 2025' में सर्वश्रेष्ठ प्रशासक पुरस्कार से हुए सम्मानित, क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर

- विदर्भ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन को ग्रासरूट्स डिसेबिलिटी क्रिकेट डेवलपमेंट अवॉर्ड से भी नवाजा गया
- विदर्भ के अन्तराष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी गुरुदास राऊत विशेष योगदान पुरस्कार से हुए सम्मानित




**संजना भारती संवाददाता**

**जयपुर।** बीसीसीआई के 'नमन अवाड्र्स' की तर्ज पर, भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को यहाँ अपना पहला दिव्यम अवाड्र्स समारोह भव्य रूप से आयोजित किया। इस ऐतिहासिक अवसर की गूंज पूरे क्रिकेट जगत में सुनाई दी। विदर्भ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन को ग्रासरूट्स डिसेबिलिटी क्रिकेट डेवलपमेंट अवॉर्ड (सर्वश्रेष्ठ ग्राउंड लेवल एसोसिएशन पुरस्कार) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार संस्था के अध्यक्ष श्री संजय भोसकर ने ग्रहण किया। वहीं, विदर्भ के गुरुदास राऊत को विशेष योगदान पुरस्कार और धीरज हर्डे को सर्वश्रेष्ठ प्रशासक पुरस्कार प्रदान किया गया।

आपको बताते चले कि विदर्भ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय भोसकर पिछले 30 वर्षों से दिव्यांग क्रीड़ा क्षेत्र में निरंतर कार्यरत हैं। उनके अथक प्रयत्नों और मार्गदर्शन से भारत को गुरुदास राऊत, सारंग चापले और धीरज हरडे जैसे उत्कृष्ट खिलाड़ी प्राप्त हुए हैं। वही विदर्भ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय रामराव भोसकर को उनके उत्कृस्ट कार्यो के लिए अन्तर्राष्टीय पैराओलंपिक शिवछत्रपती पुरस्कार, 2011, उत्कृष्ट क्रीडा मार्गदर्शक पुरस्कार, 2023, महाराष्ट्र शासन से सम्मानित हो चुके है।

राजस्थान दिव्यांग क्रिकेट संघ (आरडीसीए) ने डीसीसीआई के मार्गदर्शन में शारीरिक दिव्यांगता वार्षिक पुरस्कार 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह ऐतिहासिक अवसर दिव्यांग क्रिकेटरों, प्रशिक्षकों, प्रशासकों और समर्थकों के असाधारण योगदान और उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद एवं युवा मामले विभाग के अध्यक्ष नीरज के. पवन तथा RCA तदर्थ समिति के संयोजक डीडी कुमावत थे। विशिष्ट अतिथियों में विवेक गुप्ता, राजेश तांबी, RDCA अध्यक्ष ज्योत्सना चौधरी, मुख्य संरक्षक अनिल मित्तल, सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष गौरव झालानी शामिल रहे।

इस अवसर परडीसीसीआई के महासचिव रविकांत चौहान ने कहा कि बहुत जल्द दिव्यांग क्रिकेट के लिए एक मजबूत एवं व्यवस्थित संरचना लागू की जाएगी। यह आयोजन भारतीय खेलों में दिव्यांग क्रिकेट की बढ़ती मान्यता का प्रतीक है।

# सिमरिया धाम : राजकीय कल्पवास मेले की तैयारी

**एसबी संवाददाता**

**बीहट।** सिद्धाश्रम से मीडिया प्रभारी नीलमणि ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कार्तिक कल्पवास 2025 का शुभारंभ 3,10,25 से 5,11,25 तक संपन्न होगा। प्रति वर्ष की भांति सिद्धाश्रम में 3,10,25 से ही कार्तिक कल्पवास का नियम आरम्भ हो जाएगा,और यह नियम लगभग 47 दिनों का होगा,जिसमें अश्विन पूर्णिमा 7,10,25 को आदि कवि बाल्मिकी जयंती कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा द्वितीय बुधवार 8,10,25 से श्री मद्भागवत,और कार्तिक माहात्म्य आरम्भ 17,10,25 रंभा एकादशी को क्षेत्र की प्रथम परिक्रमा। 18, 10, 25 धनतेरस अमृत प्राप्ति दिवस 22,10,25 शुक्ल प्रतिपदा बुधवार को महाकवि कालिदास जयंती।



25,10,25 कार्तिक शुक्ल चतुर्थी शनिवार को नहाए खाय क्षेत्र की द्वितीय परिक्रमा। 3,11,25 कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी सोमवार को क्षेत्र की तृतीय परिक्रमा सह विद्यापति स्मृति दिवस व राष्ट्रकवि दिनकर स्मृति दिवस मनाया जाएगा।

# चमथा कल्पवास मेले की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित




**एसबी संवाददाता**

**बछवाड़ा (बेगूसराय)।** चमथाघाट कल्पवास आयोजन हेतु बछवाड़ा प्रखंड के बिशनपुर पंचायत में कल्पवास सेवा समिति के अध्यक्ष श्री श्री 1008 संत श्री सत्यनारायण दास जी महाराज के अध्यक्षता में कल्पवास मेले के आयोजन हेतु बैठक की गई। जिसमें बताया गया कि 2 अक्टूबर दशहरा के दिन धार्मिक अनुष्ठान के साथ कल्पवास आयोजन स्थल पर पताका लगाया जाएगा। तथा 7 अक्टूबर पुनीत महीने कार्तिक के पहली तिथि से कल्पवासियो का आना शुरू हो जाएगा। इससे संबंधित जन सुविधा व विधि व्यवस्था संसाधन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी तेघडा सहित संबंधित पदाधिकारी को लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है। तत्काल बाढ़ का पानी पंचायत के निचले इलाके में अभी भी जनजीवन को कष्टदायक बनाए हुए हैं। तथा कल्पवास आयोजन स्थल पहुंचने वाली सभी सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पानी जगह-जगह लगा हुआ है। जिस पर सभी संतो ने चिंता व्यक्त की तथा प्रशासन से मांग किया कि कल्पवासियों को सुविधा हेतु सड़क का भी मरम्मत कराया जाए विदित हो कि किवदंती के अनुसार यह कल्पवास का आयोजन सभी युगों में होता रहा है। कभी यहां राजा जनक, राजा कर्ण मैथिल कवि कोकिल विद्यापति स्नान करने आते थे। इस प्रकार यह परंपरा प्राचीन समय से ही होती आ रही है।

उक्त मौके पर श्रीराम राय मुखिया जी, श्रवण कुमार, मनोज राय, सुरेन्द्र राय, अरविंद राय, अशोक कुमार सहित दर्जनों संत एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

# 20 वर्षो बाद गडेरी जाती का जाती प्रमाण पत्र बनने से हर्ष



**एसबी संवाददाता**

**बीहट(बेगूसराय)।** 20 वर्षो बाद रिमरिया 1 के वार्ड 11 में भेड़िया गडेरी जाती का जाती प्रमाण पत्र नही बन रहा था। इस संबंध में दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान अखबार में खबर छपी थी उसी आधार पर जदयू के पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय ने उस मोहल्ला में जाकर छात्र-छात्राओं से मिले सब से आवेदन किया।

भूमिपाल राय के प्रयास से 15 छात्र छात्राओं का जाती, प्रमाण पत्र बन गया भूमिपाल राय उस गांव जाकर छात्र छात्रों को जाती प्रमाण पत्र दिया सभी के चेहरे पर खुशी छा गया।

उक्त मौके पर सोनाली कुमारी, डोली कुमारी, प्रियंका देवी, सुजीत कुमार, रिंकी कुमारी, श्वेता कुमारी, कमलेश भगत, राकेश कुमार, दीपक कुमार, रूपेश कुमार, विवेक कुमार, नीतीश कुमार, गौरव कुमार थे। जाति प्रमाण पत्र वितरण में समाजसेवी लोजपा नेता नलिनी रंजन,जदयू नेताविवेक पटेल, सनी मेहता, विक्रम कुमार, कुंदन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# जमुई में एसआईआर का 99.02 प्रतिशत काम पूरा, स्वच्छ चुनाव के लिए जिला प्रशासन तैयार



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मृगांक शेखर सिंह**

**जमुई।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम श्री नवीन ने समाहरणालय के सभा कक्ष में लिखनहारों को संबोधित करते हुए कहा कि जमुई जिला में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर का काम अब अंतिम स्थिति में है। करीब 99.02 प्रतिशत काम को अमलीजामा पहनाया जा चुका है।

इस निमित्त 1248208 वोटरों ने गणना प्रपत्र जमा किया था जिसके विरुद्ध 99.02% निर्वाचकों का अंतिम प्रकाशन हेतुकाम पूरा हो चुका है शेष के विरुद्ध कार्य जारी है बीएलओ को एसआईआर का काम सुचारू रूप से पूरा किए जाने के लिए उन्हें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेबल एजेंट और नामित वॉलेंटियर्स यथोचित सहयोग कर रहे हैं। जमुई जिला के सभी चार विधान क्षेत्रों के लिए कुल 1595 मतदान केंद्रों का गठन किया गया है। यहां पेयजल, शौचालय आदि मूलभूत जरूरतों का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। कुल 151 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव के निमित्त यथोचित प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कोषांग का गठन करते हुए नोडल अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति कर ली गई है। केकेएम कॉलेज को मतगणना केंद्र बनाया गया है। आसन्न विधानसभा चुनाव के वास्ते जमुई जिला प्रशासन हर स्तर पर पूरी तरह तैयार है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ, स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त विधानसभा चुनाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

डीएम ने दुगार्पूजा की चर्चा करते हुए कहा कि जमुई जिला में कुल 106 जगहों पर लाइसेंसी शारदीय नवरात्र मनाया जा रहा है। दशहरा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए चिह्नित लोगों पर बॉन्ड डाउन की कार्रवाई जारी है। पूजा की आड़ में माहौल बिगाड़ने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। मूर्ति का विसर्जन निर्धारित रूट से ही किया जाना है। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हथियारों के प्रदर्शन पर रोक रहेगी। उन्होंने कलमकारों से सूचना तंत्र के जरिए वांछित सहयोग दिए जाने का आग्रह किया। श्री नवीन ने दशहरा की अग्रिम शुभकामना दी। पुलिस कप्तान विश्वजीत दयाल ने कहा कि दुगार्पूजा के दरम्यान सुरक्षा का तगड़ा इंतजाम रहेगा। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जगहों पर खास चौकसी बरती जाएगी। सीसीटीवी के जरिए बदमाशों पर निगाह रखी जाएगी। मेला में सादे लिबासों में पुलिस के जवान भ्रमणशील रहेंगे। महासप्तमी से लेकर विजयादशमी तक शहर में बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। नामित वाहन परिवर्तित मार्ग पर दौड़ेंगे। हल्के वाहनों के मार्ग में भी परिवर्तन किया जा रहा है। झाझा बस पड़ाव से चार पहिया वाहन गंतव्य की ओर गतिमान होंगे। डीजे पर प्रतिबंध के लिए इससे जुड़े संचालकों को नोटिस किया जा रहा है। पूजा कमिटी को सुरक्षित पंडाल बनाए जाने के साथ बिजली का वायरिंग सुदृढ़ ढंग से किए जाने का निर्देश दिया गया है। शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

एसपी ने हर सूचना को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई किए जाने की बात कही। एडीएम रविकांत सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. नजरूल हक, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी भानू प्रकाश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# सभी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी ला रहे हैं पदक: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**संजना भारती संवाददाता**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में खेल के क्षेत्र में नई क्रांति हुई है। भारतीय खिलाड़ी और जवानों ने हर अवसर पर देश-प्रदेश का मान बढ़ाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए स्वदेशी और खेल क्रांति के लिए फिट इंडिया मूवमेंट महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश के लिए महत्वपूर्ण इन दोनों गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत जीवनशैली में बदलाव के लिए सभी को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने 'भोजन में तेल कम करने और जीवन में खेल गतिविधियां बढ़ाने' का सभी देशवासियों से आहवान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल-सीहोर संसदीय क्षेत्र के 'सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को शासकीय सुभाष एक्सीलेंस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत माता की जय के नारों और आतिशबाजी के बीच आसमान में तिरंगे गुब्बारे छोड़कर 'सांसद खेल महोत्सव 2025' के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज आरंभ हो रहे सांसद खेल महोत्सव में 71 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने नामांकन कराया है, यह प्रदेश के विद्यार्थियों में निरंतर बढ़ रही खेल गतिविधियों के प्रति रूचि का परिणाम है। प्रसन्नता का विषय है कि सांसद खेल महोत्सव, सेवा पखवाड़ा का भाग बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पौष्टिक आहार पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने अपने भोजन में दूध, दही और मक्खन उचित मात्रा में शामिल करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सनातन संस्कृति में आदिकाल से ही खेलों का विशेष महत्व रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन-जन में खेल भावना विकसित करने और हर वार्ड व ग्राम तक खेल गतिविधियों का विस्तार करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। प्रयास है कि प्रदेश के हर घर से खिलाड़ी और हर गांव से चैम्पियन निकले।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरों और पंचायतों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, इसी का परिणाम है कि सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी पदक ला रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार खेल, खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को हर स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है। प्रशिक्षकों के प्रमोशन, वेतन की व्यवस्था की गई है। विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स टीचर को कुलगुरु बनने तक का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मार्शल आर्ट के अंतर्गत मलखम्ब, जूडो, कुश्ती और ताइक्वांडो के खिलाड़ियों द्वारा दिए गए प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने स्काउट गाइड के दल और बैंड ग्रुप के प्रदर्शन की भी सराहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमुदाय को नवरात्रि पर्व और दशहरे की शुभकामनाएं दीं।

सांसद श्री आलोक शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत भोपाल-सीहोर संसदीय क्षेत्र के 71 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने 24 से अधिक खेलों के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। यह प्रतियोगिताएं पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर कराई जाएंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के युवा खेल महोत्सव से देश में युवाओं को फिटनेस की प्रेरणा मिली है। प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश खेलों के मामले में अग्रणी बनता जा रहा है। खेल युवाओं को अपनी प्रतिभा, योग्यता और क्षमता का उपयोग सृजनात्मक गतिविधियों में करने के लिए प्रेरित करते हैं। जहां खेल गतिविधियां अधिक हैं, वे राज्य सभी क्षेत्रों में उन्नति कर रहे हैं।

# खेल और पुलिस बलों का गहरा संबंध, अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ टीम भावना होती है विकसित: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## ■ 74वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में मधुबन पुलिस अकादमी पहुंचे मुख्यमंत्री




**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को मधुबन पुलिस अकादमी में 74वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृति के शुभ दिन शरद नवरात्रों में हुआ है, जो खुशी की बात है। खेल और पुलिस बलों का गहरा संबंध है। खेल अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करने के साथ-साथ टीम भावना, आपसी सहयोग और अनुशासन सिखाते हैं। उन्होंने प्रतियोभागियों व विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि खेलों के पावर हाउस हरियाणा की धरती पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 34 टीमों के 1474 खिलाडियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में खिलाडियों को अपनी दक्षता, क्षमता दिखाने का अवसर मिला। यह पुलिस बलों के आपसी तालमेल में काफी सहयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि अच्छा खिलाड़ी अच्छा सिपाही भी होता है। जो खिलाड़ी अनुशासन, टीम भावना और आपसी सहयोग से खेलते हैं, वे सिपाही बनकर ड्यूटी भी अधिक दक्षता और कुशलता से करते हैं। खेल और पुलिस एक-दूसरे के पूरक बन गए हैं। ये पुलिस जवानों की फिटनेस को भी बनाए रखने में कारगर साबित होंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने फिटनेस के महत्व को देखते हुए कहा है कि जो फिट है वह हर क्षेत्र में हिट है। इसे साकार करने के लिए उन्होंने फिट इंडिया अभियान 2019 से शुरू किया। अब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2036 के ओलंपिक खेलों में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने इन खेलों को भारत में आयोजित कराने की इच्छा जताई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस के जवानों ने सुरक्षा की ड्यूटी को तो बखूबी निभाया ही है, साथ ही देश को अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी दिए हैं। ऐसे खिलाडियों ने देश का मान और गौरव बढ़ाया है। हरियाणा पुलिस का प्रदेश में खेलों के प्रति उत्साहजनक माहौल बनाने में सराहनीय योगदान दिया है। हरियाणा पुलिस के खिलाडियों ने पद्मश्री, खेल रत्न, मेजर ध्यानचंद, अर्जुन, द्रोणाचार्य अवार्ड जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। कुश्ती हरियाणा का खेल है। यहां के धाकड़ पहलवान पूरे मनोबल के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने लगभग 11 साल पहले खेलों के लिए एक विजन विकसित किया था। यह विजन है- हर बच्चे, हर युवा को खेल से जोड़ने व उसे अवसर देने का जिसमें खेल के प्रति ललक है, हर गांव में खेल का मैदान बनाने का। इस विजन का लक्ष्य है हरियाणा को भारत की खेल राजधानी बनाने का। सरकार ने खेल ढांचे को आधुनिक बनाया है। वर्ष 2015 में हरियाणा स्पोर्ट्स एंड फिजिकल फिटनेस पॉलिसी लागू की। इस नीति से खेल के प्रति युवाओं का रूझान बढ़ा। तभी वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार द्वारा खेल नर्सरी योजना आरंभ की गई। इस समय प्रदेश में एक हजार 489 खेल नर्सरियां हैं जिनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 बनाए गए। इसके तहत 550 नए पद बनाए गए।

इस मौके पर स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद, हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक अशविंद्र सिंह चावला, आईजी नरवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर आदि मौजूद रहे। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया।

# विधानसभा कमेटी के साथ पूंडरी विधायक ने किया कर्नाटक में शैक्षणिक दौरा

## ■ युवा, खेल व कौशल विकास पर की चर्चा



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने हरियाणा विधानसभा की युवा एवं युवा कल्याण विषय एवं कौशल समिति के सदस्यों के साथ कर्नाटक का शैक्षणिक दौरा किया। इसमें विधायक हरिंदर सिंह, बलराम दांगी, सतपाल जांबा, निखिल मदान तथा देवेंद्र कादियान शामिल रहे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य युवा, खेल और कौशल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का अध्ययन किया गया।

कर्नाटक सरकार के कौशल विकास, उद्यमिता और आजीविका विभाग द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और इन विषयों पर जानकारी दी। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि यह दौरा अत्यंत फलदायी रहा। दोनों राज्यों द्वारा किए जा रहे इस दिशा में कार्यों की सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ। अलग-अलग तरह की योजनाओं के बारे में चर्चा की गई।

वहां चलाई जा रही योजनाओं की समिति सदस्यों ने आवश्यक जानकारी हासिल की। इस अवसर पर कर्नाटक सरकार में कौशल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार तथा युवा अधिकारिता एवं खेल विभाग, कर्नाटक प्रमुख सचिव नवीन राज सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ इन विभागों से जुड़ी योजनाओं पर गहन चर्चा की।

# आईपीएस उपासना ने कैथल के 50वें एसपी के तौर पर संभाला कार्यभार

## ■ नव नियुक्त एसपी ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी



कार्यभार संभालते हुए एसपी उपासना। (छाया: एसबी)

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017 बैच की आईपीएस उपासना ने बुधवार को कैथल के 50वें एसपी के तौर पर कार्यभार संभाल लिया। प्रवक्ता ने बताया कि उपासना पूर्व में भी 18 सितंबर 2023 से 17 अगस्त 2024 तक बतौर कैथल एसपी सेवाएं दे चुकी है। एसपी आरटीसी भोंडसी से कैथल एसपी के तौर पर ज्वाइन करने के बाद आईपीएस उपासना ने जिले में कानून व्यवस्था व महिला सुरक्षा तथा नशे की रोकथाम को प्राथमिकता देने की बात कही।

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी अपराध की रोकथाम व अपराधियों पर विशेष रूप से लगाम लगाने व आमजन की जानमाल की सुरक्षा के लिए सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जाएगा। कैथल में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने, नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसने सहित सभी अपराधों की रोकथाम के लिए एक प्लानिंग के तहत काम किया जाएगा। एसपी ने कहा कि आज के समय में नशे का प्रचलन, साइबर अपराधों में बढ़ोतरी तथा सडक दुर्घटनाएँ दिन प्रतिदिन बढ रही है। जिन पर कंट्रोल करने के लिए पुलिस द्वारा समय समय पर नशा जागरूकता, साइबर जागरूकता, यातायात रूल्स जागरूकता अभियान चलाकर लोगों में जागरूकता लाई जाएगी। साइबर अपराधियों, नशा के कारोबारियों पर पुलिस द्वारा कठोरता से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होने कहा कि महिला संबंधी मामलों में जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाया जाएगा। एसपी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना बेखौफ होकर पुलिस को दे, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा तथा पुलिस द्वारा उसे किसी भी प्रकार से तंग नहीं किया जाएगा। जिला पुलिस 24 घंटे आपके साथ है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने आमजन से कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में जिला पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इसके अतिरिक्त एसपी ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बिल्कुल भी सहन नहीं की जाएगी तथा पुलिस कर्मचारी किसी भी विभागीय दिक्कत के संबंध में उनसे निसंकोच मिल सकते है, उनकी प्रत्येक विभागीय दिक्कत का तत्काल निवारण किया जाएगा व भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी।

# दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का आज होगा शुभारंभ, कार्यक्रम की तैयारियां पूरी: डीसी प्रीति

## ■ जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद नवीन जिंदल व पूर्व विधायक लीला राम बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर जिला स्तर व उपमंडल स्तरीय भी कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम नागरिक अस्पताल में आयोजित होगा। इसमें सांसद नवीन जिंदल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और पूर्व विधायक लीला राम व भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसी प्रकार कलायत व गुहला उपमंडल स्तर पर कार्यक्रम बीडीपीओ कार्यालयों में होंगे। कलायत में पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा तथा गुहला में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

डीसी प्रीति बुधवार को अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर रहीं थीं। डीसी प्रीति ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसी दिन एक मोबाइल ऐप को भी लांच करेंगे। जिसके माध्यम से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया जा सकेगा। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे और मौके पर ही पात्र महिलाओं का पंजीकरण करवाया जाएगा। पंजीकरण पूरी तरह से निशुल्क रहेगा। इस योजना के अंतर्गत हर पात्र महिला को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता सीधे उसके बैंक खाते में दी जाएगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करना और उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। डीसी ने पात्र महिलाओं का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर अपना पंजीकरण करवाएं। ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

### ■ कलायत में पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा व गुहला में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर करेंगे शिरकत

जिला समाज कल्याण अधिकारी सीमा ने बताया कि जिले में लगभग 30 हजार महिलाएं योजना की संभावित पात्र हैं। सभी को योजना के बारे में सूचित किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें संबंधित कागजात पूरे करने बारे भी बताया जा रहा है। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने बताया ग्राम सचिव व ग्रामीण स्तर पर सरकारी नेटवर्क के माध्यम से पात्र लोगों को सूचना दी जा रही है। ताकि वे अधिक से अधिक संख्या में पात्र महिलाएं शिविरों में पहुंच कर पंजीकरण करवाएं। कैथल एसडीएम अजय सिंह, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, गुहला एसडीएम कैप्टन परमेश कुमार, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, जिला कल्याण अधिकारी सीमा, जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नसीब सैनी, डा. दिनेश कंसल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**ये महिलाएं हैं योजना की पात्र:** उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ वही महिलाएं ले पाएंगी, जिनकी उम्र 23 वर्ष या उससे अधिक है। जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और जो स्वयं या उनके पति पिछले 15 वर्षों से हरियाणा में रह रहे हैं। विशेष बात यह है कि एक ही परिवार की एक से अधिक महिलाएं भी इस योजना का लाभ ले सकती हैं। हालांकि, जो महिलाएं पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन या वित्तीय सहायता योजना (जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि) का लाभ ले रही हैं, सरकारी सेवा में कार्यरत हैं या आयकरदाता हैं, वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगी।

**योजना का लाभ लेने के लिए ये दस्तावेज आवश्यक**

1. हरियाणा का स्थायी निवासी प्रमाण पत्र
2. आधार व परिवार पहचान पत्र से लिंक मोबाइल नंबर
3. परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड
4. यदि महिला विवाहित है, तो ससुराल के सभी सदस्यों के आधार कार्ड
5. बिजली बिल का कनेक्शन नंबर
6. एचकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर (यदि बेरोजगार हो)
7. महिला/परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर रजिस्टर्ड वाहनों का विवरण
8. महिला के नाम पर रजिस्टर्ड बैंक खाता विवरण

# नीमवाला में महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु विशेष शिविर आयोजित



महीलाओं का स्वास्थ्य जांच करते स्वास्थ्य कर्मी। (छाया: एसबी)

**संजना भारती संवाददाता**

**राजौंद।** खंड राजौंद के गांव नीमवाला में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष में चल रही 'सेवा ही संकल्प' मुहिम का हिस्सा रहा। शिविर का नेतृत्व सीएमओ डॉ. फरमान अली ने किया, जबकि बहुउद्देशीय कार्यकर्ता कमलेश और पूजा रानी की देखरेख में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गांव की अनेक महिलाओं ने इसमें भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

## ■ प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस पर 'सेवा ही संकल्प' मुहिम के तहत स्वास्थ्य विभाग हरियाणा की पहल

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नाक-कान, दंत रोग, रक्त जांच, रक्तचाप, शुगर, कैंसर, गर्भवती महिलाओं की जांच, तपेदिक और एनीमिया जैसी बीमारियों की जांच की। शिविर में उपस्थित महिलाओं को मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। कार्यक्रम में आशा वर्कर प्रेमो देवी, आंगनवाड़ी वर्कर रेखा रानी, ऊषा और बबली ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# डी.एस.आर. विधि में तकनीक के संयोजन से किया गया बासमती धान का उत्पादन



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** एच.एफ.पी.सी. फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (एफ.पी.ओ.) किसान समूह द्वारा धान की सीधी बिजाई में उन्नत खरपतवार नियंत्रण एवं कीट प्रबंधन थ्रू एग्रीटैक पायलट प्रोजैक्ट के तहत संगोही गांव में बैठक का आयोजन किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत इस वर्ष 50 किसानों ने बासमती धान का उत्पादन किया है। नाबार्ड इस प्रोजैक्ट को प्रोत्साहन दे रहा है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मुख्य महाप्रबंधक निवेदिता तिवारी, जी.एम. डॉ. सुनील के. कौशिक व करनाल ए.जी.एम. हिमांशु खत्री ने कार्यक्रम में शिरकत की। बैठक के उपरांत टीम ने नगला रोड़ान गांव में किसान रामकुमार के खेत का निरीक्षण किया, जहां डी.एस.आर. विधि से बोई गई धान की हार्वेस्टिंग शुरू की गई।

निवेदिता तिवारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि डी.एस.आर. विधि से धान की सीधी बिजाई द्वारा किसान लगभग 30 प्रतिशत पानी की बचत कर सकते हैं और अन्य खर्चों में भी कमी लाते हुए बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इस परियोजना में सहभागी लीड्स कनेक्ट संस्था ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया है, ताकि किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर प्रोत्साहित किया जा सके।

एफ.पी.ओ. के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. मलिक ने कहा कि संगठन पूर्व में भी कई प्रोजैक्ट में सफलता हासिल कर चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप किसानों की आय बढ़ाने के लिए एफ.पी.ओ. समूहों का गठन किया गया है। वहीं, उपाध्यक्ष डॉ. एस.पी. तोमर ने बताया कि इस प्रोजैक्ट के तहत खेत समतलीकरण के लिए प्रति एकड़ 1,000 रुपये तथा मशीन से बिजाई के लिए 700 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी गई।

एफ.पी.ओ. का उद्देश्य है कि किसान भूजल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए धान उत्पादन में डी.एस.आर. तकनीक अपनाएं और रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा मिले।

# दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ आज: सोनू भट्ट



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** एडीसी सोनू भट्ट ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ 25 सितंबर को पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम से किया जाएगा। इस दिन जिला मुख्यालय, उप-मंडल तथा महाग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। करनाल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कल्पना चावला गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवासीय तथा शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेगे। इसी प्रकार से उपमंडल स्तर पर कार्यक्रमों में संबंधित विधानसभा क्षेत्र का विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगें। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना की पात्र महिलाओं का एप पर पंजीकरण निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम स्थलों पर रजिस्ट्रेशन डेस्क लगाने के साथ-साथ सरल केंद्र व आधार संबंधित डेस्क भी लगाएं जाएं। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाए जाएं, जिसमें कार्यक्रम में आने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

एडीसी ने बताया कि इस योजना का लाभ वही महिलाएँ ले पाएंगी, जिनकी उम्र 23 वर्ष या उससे अधिक है। जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और जो स्वयं या उनके पति पिछले 15 वर्षों से हरियाणा में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक ही परिवार की एक से अधिक महिलाएं भी इस योजना का लाभ ले सकती हैं। हालाँकि, जो महिलाएं पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन या वित्तीय सहायता योजना (जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि) का लाभ ले रही हैं, सरकारी सेवा में कार्यरत हैं या आयकरदाता हैं, वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगी।

एडीसी सोनू भट्ट ने बताया कि योजना का आवेदन लाडो लक्ष्मी ऐप के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन के समय आधार कार्ड, आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर, रिहायशी प्रमाण पत्र, बिजली बिल, आय संबंधी जानकारी, बैंक खाता विवरण आदि देना आवश्यक होगा। पात्रता की पुष्टि होने पर लाभ सीधे बैंक खाते में भेजा जाएगा।

**आवश्यक सूचना**

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।
**संपर्क करें: 9871221635**

# सेवा पखवाड़ा: एसएचओ सिटी, एसएचओ सीवन व एसएचओ महिला थाना ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक




**संजना भारती संवाददाता**

**कैथल।** हरियाणा पुलिस द्वारा पूरे प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, ट्रैफिक नियमों की जानकारी, नशा मुक्ति, साफ-सफाई तथा पौधारोपण जैसे विषयों पर व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाना है। पुलिस विभाग लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक जागरूकता का संदेश पहुंचा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी कड़ी में जिले में अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

थाना सिटी प्रभारी एसएचओ इंस्पेक्टर गीता ने आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल में छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और हेल्पलाइन नंबर 112, 1930 जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही, छात्राओं को समझाया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें और सोशल मीडिया पर आने वाले अज्ञात लिंक या कॉल्स से सावधान रहें। थाना सीवन प्रभारी एसएचओ एसआई सुनीता ने कांगथली कन्या स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों, सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है और यह हमारी तथा दूसरों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। वहीं महिला थाना प्रभारी एसआई वीना ने गांव काकोत के स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ उन्हें समाज में अपनी भूमिका को मजबूत बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जागरूक महिला ही सुरक्षित समाज की नींव है और हर छात्रा को आत्मनिर्भर व सजग रहना चाहिए।

# देशभर में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियान के तहत आज होगा विशेष श्रमदान व लगेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज नगर निगम करनाल द्वारा विशेष श्रमदान अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे प्रेम नगर सामुदायिक केन्द्र से होगा। इस अवसर पर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में एक घंटा श्रमदान निकालकर स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाएं और शहरों को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने में योगदान दें। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा की शुरूआत महा स्वच्छता अभियान से हुई थी, जो 2 अक्तूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा।